वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति और सहकारिता मंत्री (श्री मोहन धारिया) : (क)

मूल्य लाख रु० में

1975-76	वेल्डिंग एलक्ट्रोड/उपस्कर
मिस्र का अरब गणराज्य .	65.31
मलयेशिया . .	20.56
संयुक्त अरब अमीरात .	11.22
सीरिया . .	8.81
ईरान . .	7.59
सं० रा० अमरीका .	6.66
थाईलैण्ड . .	5.19
अन्य सहित योग .	172.62

वर्ष 1976-77 के लिए देशवार निर्यात उपलब्ध नहीं है। किन्तु 1976-77 में वेल्डिंग एलक्ट्रोड्स/उपस्कर के 191.0 लाख रु० के कुल निर्यात हुये थे।

(ख) जी हां। ब्यौरे निम्नलिखित हैं :—

मूल्य लाख रु० में

देश	1975-76	1976-77 (अप्रैल-फरवरी)
आस्ट्रिया . . .	—	0.38
फ्रांस . .	0.11	0.74
पश्चिम जर्मनी .	3.69	4.27
जापान . .	8.06	6.30
कुवैत . .	—	2.01
स्वीडन . .	—	0.69
ब्रिटेन . .	7.27	5.06
सं० रा० अमरीका .	18.58	1.92
सोवियत संघ .	2.80	0.33
अन्य सहित योग	49.50	21.84

राष्ट्रीय कपड़ा निगम (डी० पी० आर०) में बनाये गए नये पद

3593. **श्री राम देनी राम :** क्या वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति और सहकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राष्ट्रीय कपड़ा निगम (डी०पी० आर०) में गत छः महीनों के दौरान कितने नये पद बनाये गये और उन पर काम कर रहे कितने पुराने कर्मचारियों को रखा गया है;

(ख) क्या राष्ट्रीय कपड़ा निगम (डी० पी० आर०) के कुछ अधिकारियों को अपना त्यागपत्र देने को विवश किया गया था अथवा सेवा से हटाया गया था; और

(ग) यदि हां, तो उन अधिकारियों की संख्या कितनी है और इसके क्या कारण हैं?

वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति और सहकारिता मंत्री (श्री मोहन धारिया) : (क) राष्ट्रीय वस्त्र निगम (दिल्ली, पंजाब तथा राजस्थान) लि० के मुख्यालय तथा इसके अधीन मिलों में कर्मचारियों की संख्या की आवश्यकताओं का आंकलन करने के बाद, पिछले 6 महीनों के दौरान निगम के मुख्यालय 8 24 नये पदों तथा उसके द्वारा प्रबन्धित में मिलों में 28 नये पदों का सृजन किया गया। इन पदों पर कोई भी पुराना कर्मचारी नहीं रखा गया है।

(ख) और (ग). राष्ट्रीय वस्त्र निगम (दिल्ली, पंजाब तथा राजस्थान) लि० के किसी भी अधिकारी को नौकरी से त्यागपत्र देने के लिए विवश नहीं किया गया। तथापि, 4 अधिकारियों की सेवायें अकुशलता/संदिग्ध ईमानदारी के आधारों पर समाप्त की गई थी।